# बिहार सरकार
## स्वास्थ्य विभाग

## अधिसूचना

**संचिका संख्या :–15/औ०–14–16/2022 ........../स्वा० पटना, दिनांक –**

बिहार औषधि नियंत्रण सेवा संवर्ग के अंतर्गत कार्यरत/पदस्थापित श्री नीरज हृदय, औषधि निरीक्षक, नवादा – 02 के संबंध में सहायक औषधि नियंत्रक, नवादा द्वारा विभाग को ससूचित/प्रतिवेदित किया गया है कि श्री हृदय दिनांक – 22.07.2022 से लगातार अनाधिकृत रूप से अपने कर्त्तव्य स्थल से अनुपस्थित हैं। अनधिकृत अनुपस्थित के सबध में उनसे स्पष्टीकरण की मॉग कि गयी, परन्तु श्री हृदय द्वारा स्पष्टीकरण का प्रत्युत्तर/जबाब विभाग को निर्धारित समयावधि में समर्पित नहीं किया गया।

2. अतएव वर्णित तथ्यों के आलोक में सम्यक विचारोपरान्त अनुशासनिक प्राधिकार के अनुमोदन से श्री नीरज हृदय, औषधि निरीक्षक, नवादा–02 को अनधिकृत अनुपस्थिति एवं प्रपत्र 'क' मे वर्णित आरोपों, कार्य के प्रति उदासीनता, लापरवाही, मनमानेपन एवं वरीय पदाधिकारी के आदेशों के अवहेलना के लिए बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियत्रण एव अपील) नियमावली, 2005 (समय–समय पर यथा सशोधित) के नियम – 9(1)(क) मे निहित प्रावधानों के तहत तत्काल प्रभाव से अगले आदेश तक के लिए निलंबित किया जाता है।

3. निलंबन अवधि में इन्हें बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली, 2005 के नियम – 10 के आलोक मे अनुमान्य जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा।

4. निलंबन अवधि में इनका मुख्यालय **निदेशालय, औषधि नियंत्रण प्रशासन, स्वास्थ्य भवन शेखपुरा, पटना** निर्धारित किया जाता है।

5. श्री नीरज हृदय को निलबित करते हुए उनके विरूद्ध गठित आरोपों एवं अनधिकृत अनुपस्थिति के लिए विभागीय कार्यवाही संचालित करने का निर्णय लिया जाता है।

**बिहार राज्यपाल के आदेश से,**

(कृष्णा उराँव)
सरकार के उप सचिव,
स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना।

**ज्ञापांक – 15/औ०–14–16/2022 –........../स्वा० पटना/दिनांक –**

**प्रतिलिपि :** माननीय मत्री, स्वास्थ्य विभाग के आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

Desktop/Drug -1

**प्रतिलिपि** : प्रभारी पदाधिकारी, ई–गजट कोषांग, बिहार, पटना को बिहार राजपत्र में प्रकाशनार्थ प्रेषित।

**प्रतिलिपि** : महालेखाकार, बिहार, पटना/प्रभारी पदाधिकारी (वै०दा०नि०को०) विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

**प्रतिलिपि** : अपर मुख्य सचिव/सचिव, स्वास्थ्य विभाग के प्रधान आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

**प्रतिलिपि** : राज्य औषधि नियंत्रक, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

**प्रतिलिपि** : जिला पदाधिकारी/सिविल सर्जन, नवादा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

**प्रतिलिपि** : उप औषधि नियंत्रक, मगध प्रमंडल, गया/सहायक औषधि नियंत्रक, नवादा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

**प्रतिलिपि** : श्री नीरज हृदय, औषधि निरीक्षक, नवादा–02 को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

**प्रतिलिपि** : आई०टी० मैनेजर, स्वास्थ्य विभाग को सूचनार्थ एवं विभागीय बेवसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

02/05/2025

सरकार के उप सचिव।

Desktop/Drug -1